# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

## ई-न्यूज़लेटर

## अप्रैल 2023



**डॉ. पीडी वाघेला, अध्यक्ष- भादूविप्रा ने 14 मार्च 23 को जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में वर्ल्ड समिट ऑन इंटरनेशनल सोसाइटी (डब्ल्यूएसआईएस) 2023 के मौके पर सुश्री डोरेन बोगडान-मार्टिन, महासचिव-आईटीयू (अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ) से मुलाकात की।**

# अनुशंसाएँ

**भादूविप्रा ने 22 मार्च 2023 को "सामुदायिक रेडियो स्टेशनों (सीआरएस) से संबंधित मुद्दों" पर अपनी अनुशंसाए जारी कीं।**

एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस) प्रासंगिक जानकारी, विचारों और ज्ञान के प्रसार के माध्यम से संबंधित समुदाय के हितों की सेवा करता है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने प्राधिकरण से निम्नलिखित मुद्दों पर अपनी अनुशंसाए प्रदान करने का अनुरोध किया:

(i) पात्र संगठनों की सूची में कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत पंजीकृत गैर-लाभकारी कंपनियों को शामिल करना।

(ii) लाइसेंस अवधि को मौजूदा 5 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष करना

(iii) सीआरएस पर प्रसारण के प्रति घंटे विज्ञापन की अधिकतम अवधि

(iv) कई जिलों में कार्यरत गैर-लाभकारी संगठनों द्वारा संचालित के प्रत्येक जिले में संचालित सीआर स्टेशनों की संख्या।

हितधारकों के साथ परामर्श के बाद भादूविप्रा ने सरकार को अपनी अनुशंसाए जारी कीं।

**मुख्य अनुशंसाएँ**

i. सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने के लिए कुछ प्रकार की संस्थाओं को छोड़कर एमआईबी दिशानिर्देशों में निर्धारित मौजूदा मानदंड धारा 8 की कंपनियों पर भी समान रूप से लागू होते हैं।

ii. सामुदायिक रेडियो स्टेशन सहित प्रसारण चैनलों के मालिक होने से धार्मिक निकायों की अयोग्यता के संबंध में अनुशंसाओं को दोहराया गया है, जैसा कि दिनांक 12.11.2008 के 'प्रसारण और वितरण गतिविधियों में कुछ संस्थाओं के प्रवेश से संबंधित मुद्दों पर अनुशंसाए' में उल्लेख किया गया है।

iii. अनुमति की प्रारंभिक अवधि एक बार में पाँच (5) वर्ष से बढ़ाकर दस (10) वर्ष की जानी चाहिए।

iv. सीआरएस लाइसेंस के विस्तार/नवीनीकरण के लिए वर्तमान नीति दिशानिर्देश पर्याप्त हैं और वही बने रहने चाहिए।

v. सीआरएस पर विज्ञापन की अवधि सात (7) मिनट प्रति घंटा से बढ़ाकर बारह (12) मिनट प्रति घंटा की जानी चाहिए।

vi. कई जिलों में काम करने वाले गैर-लाभकारी संगठनों को अपने संचालन क्षेत्र में अनेक सीआरएस स्थापित करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

vii. एक संगठन को पूरे देश में अधिकतम छह (6) सीआरएस स्थापित करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

viii. कई स्टेशन स्थापित करने की इच्छा रखने वाले संगठन को यह पुष्टि करते हुए एक उपक्रम प्रस्तुत करना चाहिए कि कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर तैयार किए जाएंगे और अन्य सीआरएस से नहीं भेजे जाएंगे।

ix. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) सीआरएस की स्थिरता में मदद करने के लिए सीआरएस पर अधिक कार्यक्रमों को प्रायोजित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के साथ सक्रिय रूप से काम कर सकता है।

x. केंद्र/राज्य सरकारों के सभी विश्वविद्यालयों को सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने और संचालित करने के लिए बजटीय सहायता प्रदान की जा सकती है। एमआईबी ऐसे विश्वविद्यालयों के लिए लाइसेंस/स्पेक्ट्रम प्रदान करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर सकता है।

xi. सीआरएस देने की सभी प्रक्रियाओं को सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन किया जाना चाहिए।

xii. एसएसीएफए (स्टैंडिंग एडवाइजरी कमिटी ऑन रेडियो फ्रीक्वेंसी एलोकेशन) की मंज़ूरी आवेदन के एक महीने के भीतर दी जानी चाहिए। डब्ल्यूओएल (वायरलेस ऑपरेटिंग लाइसेंस) लाइसेंस देने की भी एक निर्धारित अवधि होनी चाहिए, अधिमानतः आवेदन के एक महीने के भीतर।

https://trai.gov.in/sites/default/files/Recommendation_22032023.pdf

**भादूविप्रा ने 31 मार्च 2023 को "टेलीविजन प्रसारण क्षेत्र में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने" पर अपनी अनुशंसाएँ जारी कीं।**

भारतीय प्रसारण क्षेत्र का डिजिटलीकरण वर्ष 2012 में शुरू हुआ और मार्च 2017 तक देश भर में पूरा हो गया। इसने मांग को पूरा करने के लिए स्थानीय निर्माताओं के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान किया।

उपकरण निर्माण में भारत की वास्तविक क्षमता का वास्तविक मूल्यांकन करने और सरकार को उन अनुशंसाओं पर संपर्कने के उद्देश्य से, जो भारतीय प्रसारण उपकरण विनिर्माण क्षेत्र को आयात-निर्भर क्षेत्र से स्वदेशी विनिर्माण के वैश्विक केंद्र में बदलने में सक्षम बनाएगी, प्राधिकरण ने स्वत: संज्ञान लेते हुए

22 दिसंबर 2021 को "टेलीविजन प्रसारण में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देना" विषय पर एक परामर्श पत्र जारी किया है।

हितधारकों के साथ परामर्श के बाद भादूविप्रा ने सरकार को अपनी अनुशंसाए जारी कीं।

**मुख्य अनुशंसाएँ**

क. उभरती प्रौद्योगिकियों और अभिसरण के युग के सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित करने और प्रसारण उपकरणों के लिए एक इको-सिस्टम बनाने का लक्ष्य रखने की आवश्यकता है। प्रसारण उपकरणों के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जा सकता है या प्रसारण उपकरणों पर भी ध्यान केंद्रित करने के लिए मौजूदा दूरसंचार उत्कृष्टता केंद्रों को उन्नत किया जा सकता है।

ख. स्थानीय स्तर पर निर्मित प्रसारण उपकरणों के निर्यात को बढ़ावा देने और सुविधा प्रदान करने के लिए टेलीकॉम एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (टीईपीसी), या कुछ इसी तरह के संगठनों को सक्षम करें।

ग. टेलीकॉम इंजीनियरिंग सेंटर (टीईसी), दूरसंचार विभाग को सभी प्रसारण उपकरणों का परीक्षण और मानकीकरण करने के लिए अनिवार्य किया जाना चाहिए।

घ. सार्वजनिक क्षेत्र में मौजूदा आर एंड डी (अनुसंधान और विकास) केंद्रों, जैसे सी-डॉट को मजबूत करें। पीपीपी मार्ग के माध्यम से उद्योग की भागीदारी के साथ-साथ स्थानीय अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करें। प्रसारण क्षेत्र के लिए अनुसंधान एवं विकास और स्थानीय उत्पादों/प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए 'प्रौद्योगिकी विकास कोष' बनाएं। स्थानीय सीएएस (कंडीशनल एक्सेस सिस्टम) के उपयोग को प्रोत्साहित करें, अनुसंधान एवं विकास और मानकीकरण को बढ़ावा देने के लिए ऐसे उपायों के परिणामों की समीक्षा करें।

ङ. स्थानीय अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से विकसित उत्पादों के लिए बाजार में जाने की रणनीति भी अपनाई जा सकती है

च. लीनियर सेट-अप बॉक्स को प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के तहत लाया जाना चाहिए।

छ. चिपसेट सहित प्रसारण उपकरणों के लिए आवश्यक स्वदेशी घटकों की उपलब्धता की समय-समय पर समीक्षा करें।

ज. सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम की तर्ज पर टेलीविजन प्रसारण क्षेत्र के अन्य प्रासंगिक घटकों के स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा दे।

झ. स्थानीय रूप से प्राप्त घटकों/सेवाओं के प्रतिशत के संदर्भ में टेलीविजन प्रसारण क्षेत्र में विभिन्न उपकरण श्रेणियों के लिए 'स्थानीय विनिर्माण' के दायरे को परिभाषित करें।

ञ. टेलीविजन प्रसारण क्षेत्र में स्थानीय विनिर्माण पर उनके प्रभाव के संबंध में मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और अन्य ऐसे समझौतों की समीक्षा करें।

https://trai.gov.in/sites/default/files/Recommendations_31032023.pdf

## दिशा-निर्देश

**भादूविप्रा ने 28 मार्च 2023 को सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को प्रमुख नेटवर्क आउटेज की सूचना भादूविप्रा को देने के निर्देश जारी किए।**

प्राधिकरण ने पाया है कि तकनीकी कारणों से या प्राकृतिक आपदाओं के कारण दूरसंचार नेटवर्क के प्रमुख नेटवर्क आउटेज की घटनाओं की सूचना दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा भादूविप्रा को नहीं दी जाती है। देश में लंबे समय तक, विशेष रूप से सीमावर्ती और पहाड़ी क्षेत्रों में ये प्रमुख नेटवर्क आउटेज, प्रभावित क्षेत्रों में सेवा की उपलब्धता या गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।
प्रमुख नेटवर्क आउटेज के मूल कारण को समझने और यदि आवश्यक हो तो सेवा प्रदाताओं को स्थानीय अधिकारियों से प्रासंगिक समर्थन प्राप्त करने के लिए, प्राधिकरण ने जिला स्तर पर ऐसे किसी भी आउटेज के बारे में जानकारी एकत्र करने का निर्णय लिया है।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, एक्सेस सेवा प्रदाताओं को निम्नलिखित रिपोर्ट करने के लिए निर्देशित किया गया है:

(क) निर्देश में निर्दिष्ट प्रारूप में, प्रमुख नेटवर्क आउटेज की सभी घटनाएं, जो उनके घटित होने के चौबीस घंटे के भीतर, एक जिले (केंद्र/राज्य सरकार द्वारा परिभाषित राजस्व जिला) के संपूर्ण उपभोक्ताओं को लगातार चार घंटे से अधिक की अवधि के लिए दूरसंचार सेवाओं को प्रभावित करती हैं।

(ख) निर्देश में निर्दिष्ट प्रारूप में, सेवाओं की बहाली के बहत्तर घंटों के भीतर, ऐसे प्रमुख नेटवर्क आउटेज का मूल कारण और उसके लिए की गई सुधारात्मक कार्यवाहियां।

https://trai.gov.in/sites/default/files/Direction_28032023.pdf

# घटनाएँ

**7 मार्च 23 को भादूविप्रा मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 मनाया गया**








**14 मार्च 23 को जिनेवा, स्विटजरलैंड में वर्ल्ड समिट ऑन इंटरनेशनल सोसाइटी (डब्ल्यूएसआईएस) 2023 के मौके पर डॉ. पीडी वाघेला, अध्यक्ष-भादूविप्रा और श्री टॉमस लामानौस्कस, उप महासचिव - आईटीयू के बीच एक द्विपक्षीय बैठक।**





**14 मार्च 2023 को स्विट्जरलैंड के जिनेवा में वर्ल्ड समिट ऑन इंटरनेशनल सोसाइटी (डब्ल्यूएसआईएस) 2023 के मौके पर डॉ. पीडी वाघेला, अध्यक्ष-भादूविप्रा और डॉ. कॉसमास लकी सन ज़वाज़वा, निदेशक-दूरसंचार विकास ब्यूरो, आईटीयू के बीच एक द्विपक्षीय बैठक।**



भादूविप्रा के अध्यक्ष डॉ. पीडी वाघेला ने 13-16 मार्च 2023 के दौरान जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में आयोजित वर्ल्ड समिट ऑन इंटरनेशनल सोसाइटी (डब्ल्यूएसआईएस) 2023 के उच्च स्तरीय नीति सत्र में "आईसीटी के लिए डिजिटल अर्थव्यवस्था और व्यापार वित्तपोषण" पर अपने विचार साझा किए।



**16 मार्च 2023 को जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में डब्ल्यूएसआईएस-23 सम्मेलन के मौके पर डॉ. पीडी वाघेला, अध्यक्ष भादूविप्रा और श्री डिक एनजी सुई वा, अध्यक्ष, इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी अथॉरिटी (आईसीटीए) मॉरीशस के बीच द्विपक्षीय बैठक ।**





**17 मार्च 2023 को डॉ. पीडी वाघेला, अध्यक्ष-भादूविप्रा और ऑटोरिटा पैर ले गरांजिए नेल्ले कमुनिकाज़िओनी (एजीसीओएम) -रोम के अध्यक्ष श्री जियाकोमो लासोरेला के बीच द्विपक्षीय बैठक**








# ओपन हाउस चर्चा




**9 मार्च 23 को "दूरसंचार नेटवर्क में कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (सीएनएपी) का परिचय" विषय के परामर्श पत्र पर ओपन हाउस चर्चा आयोजित की गई ।**




**10 मार्च 2023 को "भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अलावा अन्य संगठनों द्वारा प्रदान की जाने वाली विमान और ग्राउंड स्टेशनों के बीच डेटा संचार सेवाएं" के परामर्श पत्र पर ओपन हाउस चर्चा आयोजित की गई।**

# कार्यशाला/संगोष्ठी

भादूविप्रा ने विभिन्न स्थानों पर निम्नानुसार उपभोक्ता वकालत समूह की क्षमता निर्माण पर कार्यशालाएँ आयोजित कीं:

| क्र.सं. | स्थान | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | देवघर, झारखंड | 17 मार्च 23 |
| 2 | गोवा | 29 मार्च 23 |




**17 मार्च 23 को देवघर, झारखंड में कार्यशाला**




**29 मार्च 23 को गोवा में कार्यशाला**

**भादूविप्रा ने विभिन्न स्थानों पर निम्नानुसार संगोष्ठी आयोजित किए:**

| क्र.सं. | विषय | क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंतर विकास पर सामुदायिक रेडियो का प्रभाव | जयपुर | 29 मार्च 23 |
| 2 | 5जी मोबाइल प्रौद्योगिकी, डिज़ाइन, विकास और कार्यान्वयन चुनौतियाँ और उपयोग के मामलों का परिचय | हैदराबाद | 31 मार्च 23 |



**29 मार्च 23 को " निरंतर विकास पर सामुदायिक रेडियो का प्रभाव" विषय पर संगोष्ठी**




**31 मार्च 23 को "5जी मोबाइल प्रौद्योगिकी, डिजाइन, विकास और कार्यान्वयन चुनौतियां और उपयोग के मामलों के परिचय" पर संगोष्ठी**

# टेलीकॉम सब्सक्रिप्शन

1. **31 जनवरी 2023 तक टेलीकॉम सब्सक्रिप्शन डेटा:**

| विवरण | वायरलेस | वायरलाइन | कुल |
|---|---|---|---|
| शहरी टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | 627.13 | 25.59 | 652.72 |
| ग्रामीण टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | 515.89 | 2.14 | 518.03 |
| कुल टेलीफोन सब्सक्राइबर्स (मिलियन) | **1143.02** | **27.73** | **1170.75** |
| कुल टेली-घनत्व (%) | 82.52 | 2.00 | 84.52 |
| शहरी सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%) | 54.87 | 92.29 | 55.75 |
| ग्रामीण सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%) | 45.13 | 7.71 | 44.25 |
| ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या (मिलियन) | 806.07 | 33.11 | 839.18 |

जनवरी 2023 में व्यस्ततम वीएलआर की तिथि पर सक्रिय वायरलेस सब्सक्राइबरों की संख्या 1024.81 मिलियन थी।

जनवरी 2023 में एमएनपी के लिए 12.40 मिलियन सब्सक्राइबर अनुरोध किए गए थे। जनवरी 2023 के अंत तक, इसके लागू होने के बाद से कुल 796.84 मिलियन उपभोक्ताओं ने एमएनपी सुविधा का लाभ उठाया है।

## अन्य विविध

भादूविप्रा ने 2 मार्च 2023 को डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम (डीएएस) की लेखापरीक्षा करने के लिए लेखा परीक्षकों के पैनल की अद्यतन सूची जारी की, जिसके तहत एक लेखापरीक्षा फर्म 'मैसर्स मुकेश सुशील एंड कंपनी' को लेखा परीक्षकों की सूची से हटा दिया गया है। 31 मार्च 2023 तक, डीपीओ के डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम की लेखापरीक्षा करने के लिए भादूविप्रा द्वारा सूचीबद्ध लेखा परीक्षकों की कुल संख्या 52 थी।

## उपभोक्ता पहुंच कार्यक्रम

**भादूविप्रा ने समाज के विभिन्न वर्गों के लिए निम्नानुसार उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी) आयोजित किए:**

| क्र.सं. | स्थान | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | अमृतसर (पंजाब) | 3 मार्च 2023 |
| 2 | गंगटोक (सिक्किम) | 14 मार्च 2023 |
| 3 | गरियाबंद (छत्तीसगढ़) | 14 मार्च 2023 |
| 4 | गोवा | 14 मार्च 2023 |
| 5 | सिवनी (मध्य प्रदेश) | 15 मार्च 2023 |
| 6 | कांचीपुरम (तमिलनाडु) | 15 मार्च 2023 |
| 7 | सोलन (हिमाचल प्रदेश) | 24 मार्च 2023 |
| 8 | तुमकुर (कर्नाटक) | 27 मार्च 2023 |
| 9 | दीमापुर (नागालैंड) | 28 मार्च 2023 |

# फोटो गैलरी




**क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर द्वारा 3 मार्च 2023 को अमृतसर (पंजाब) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया**




**क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता द्वारा 14 मार्च 2023 को गंगटोक (सिक्किम) में विशेष उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया**



**क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा 14 मार्च 2023 को गरियाबंद (छत्तीसगढ़) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया**



**क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा 15 मार्च 2023 को सिवनी (मध्य प्रदेश) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम किया गया**




**क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद द्वारा 15 मार्च 2023 को कांचीपुरम (तमिलनाडु) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया**




**क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली द्वारा 24 मार्च 2023 को सोलन (हिमाचल प्रदेश) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया**




**क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलुरु द्वारा 27 मार्च 2023 को तुमकुर (कर्नाटक) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया**




**क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता द्वारा 28 मार्च 2023 को दीमापुर (नागालैंड) में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया**

निर्देशों/आदेशों/परामर्श पत्र/रिपोर्ट, सदस्यता डेटा आदि का पूरा विवरण भादूविप्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
www.trai.gov.in
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, (ओल्ड मिंटो रोड), नई दिल्ली- 110002

हम फेसबुक पर भी हैं! हमसे जुड़ें
https://www.facebook.com/TRAI/
हम ट्विटर पर भी हैं! फॉलो करें ! TRAI@TRAI